<u>हिन्दी दिवस</u>

दिनांक 14 सितंबर 2024 को पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ़ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में हिंदी दिवस को अत्यधिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अखिलेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया, हिंदी दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय प्रांगण में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी प्रवक्ता डॉ. शैलजा अस्थाना द्वारा छात्र-छात्राओं को हिंदी के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए प्रवक्ता श्री शुभम रतूड़ी जी द्वारा रामधारी सिंह दिनकर रचित रश्मिरथी तृतीय सर्ग का वाचन किया गया। द्वितीय सेमेस्टर की छात्र-छात्राओं द्वारा 'हिंद देश के निवासी सभी जन एक है' गीत का समूह गान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अनीता वर्मा ने छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

हिन्दी दिवस की
शुभकामनाएं